# सेठो के सेठ हो तुम मेरे श्याम धणी भजन लिरिक्स

सेठो के सेठ हो तुम मेरे श्याम धणी,
तेरी मोर छड़ी की है सकलाई बड़ी,
तू दिल वाला दातारि है ।**bd**।

तर्ज – तुझे ना देखूं तो चैन।

---

तुझसा ना दूजा देखा सांवरे यहाँ,
तुझसे ही माँगे आके सारा जहाँ,
सारे जाग का तू ही पालनहारा है,
हारे का बाबा तू ही सहारा है,
सहारा है,
खुशियाँ देकर तोड़ी दुख की हथकड़ी,
सेठों के सेठ हो तुम मेरे श्याम धणी ।**bd**।

---

तेरी मोरछड़ी जिसके सर पे पड़ती,
दुखड़े मिटाती करामात करती,
हाथों में तुम्हारे जब ये लहराए,
देख मुसीबत मोरछड़ी को घबराए
हाँ घबराए,
है जादूगरी बाबा तेरी मोरछड़ी,
सेठों के सेठ हो तुम मेरे श्याम धणी ।**bd**।

---

लीलाधारी लीले असवारी हो,
शीश के दानी कलयुग अवतारी हो,
इस कलयुग के देव तुम निराले हो,
‘कुंदन’ प्रेमियों के रखवाले हो,
रखवाले हो,
चमकी किस्मत जिसपे तेरी नज़रें पड़ी,
सेठों के सेठ हो तुम मेरे श्याम धणी ।**bd**।

---

सेठो के सेठ हो तुम मेरे श्याम धणी,
तेरी मोर छड़ी की है सकलाई बड़ी,
तू दिल वाला दातारि है ।**bd**।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com